Series D4BCA/4

**प्रश्न-पत्र कोड** **4/4/2**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii)* ***खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव **दोनों** खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

अठारह साल के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञाननंदा इन दिनों छाए हुए हैं । पाँच बार विश्व चैंपियन रहे मैग्नस कार्लसन के साथ शतरंज वर्ल्ड कप का अंतिम मुकाबला भले ही वह नहीं जीत पाए । पर, कम उम्र में ही सफलता और उम्मीदों का भारी ताज वह पहन चुके हैं । उनकी सादगी, शालीनता पसंद की जा रही है । अच्छी बात है कि वे हार-जीत दोनों में सहज दिखते हैं । बीते साल एक ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में कार्लसन को हराने के बाद प्रज्ञान ने कमाल बात कही । उन्होंने कहा, 'यह केवल एक जीत है, कोई अंतिम नहीं । आगे कई चुनौतियाँ हैं । बहुत कुछ करना है । यही हार के साथ होता है । किसी एक हार से सब खत्म नहीं हो जाता ।'

अब सवाल यह है क्या अपनी सफलता की खुशी मनाना ग़लत है ? माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स कहते हैं, 'सफलता की खुशी मनाने में हर्ज नहीं है । पर ज्यादा जरूरी है कि हम असफलताओं के सबक पर भी ध्यान देते रहें ।'

सफलता के साथ बहुत कुछ बदलता है । कभी हम बदल जाते हैं तो कभी दूसरे । कितनी ही बार तो हमें अपने से आगे दिखना ही बंद हो जाता है । इस कारण कभी हम अतिआत्मविश्वास के शिकार होकर जरूरी मेहनत नहीं करते, तो कभी दूसरों से हमारे रिश्ते खराब हो जाते हैं । ऐसे में सबसे पहले अपने घमंड और आक्रामक होने की इच्छा को काबू करना जरूरी हो जाता है ।

कितनी ही प्रतिभाएँ एक-दो बड़ी जीत की चमक-धमक में ही अटक कर रह जाती हैं । या समझ नहीं आता कि आगे क्या ? ऐसे में सहजता ही हमारी उपलब्धियों के कद को बढ़ाती है । हम विनम्र रहें, सफलता की चाह हो और मेहनत करने में आगे रहें । ध्यान प्रक्रिया पर हो । हम नतीजा भले ही हार जाएँ, पर हमारा उत्साह हमेशा बना रहे ।


collegedunia

(i) प्रज्ञाननंदा की प्रसिद्धि का कारण है :

(A) कम उम्र में शतरंज के क्षेत्र में नाम कमाना

(B) उनकी सादगी, सरलता और शालीनता

(C) हार-जीत को समान भाव से स्वीकारना

(D) जीवन को चुनौती के रूप में स्वीकारना

(ii) 'किसी एक हार से सब खत्म नहीं हो जाता' — पंक्ति का आशय है :

(A) जीत-हार जीवन के दिन और रात हैं ।

(B) असफल होने से जीवन समाप्त नहीं होता ।

(C) हार के बाद जीत अवश्य आती है ।

(D) लक्ष्य प्राप्ति के लिए संघर्ष करना चाहिए ।

(iii) बिल गेट्स के अनुसार सफलता की खुशी मनाने से अधिक आवश्यक है :

(A) असफलताओं की चुनौतियों को स्वीकारना

(B) असफलताओं के कारणों पर ध्यान देना

(C) नए लक्ष्य के लिए संघर्ष करना

(D) असफलताओं से शिक्षा ग्रहण करना

(iv) सफलता प्राप्ति के बाद किसे अपने नियंत्रण में रखना आवश्यक है ?

(A) दूसरों के प्रति अपने व्यवहार को

(B) अहंकार और आक्रोश की इच्छा को

(C) आत्मविश्वास और जीत की खुशी को

(D) अपने प्रति दूसरों के व्यवहार को

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन :* सफलता के मद में हमें अपने से आगे दिखना ही बंद हो जाता है ।

*कारण :* हम अति आत्मविश्वास के शिकार होकर जरूरी मेहनत नहीं करते ।

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं ।

(B) कथन ग़लत है लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन सही है लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।


collegedunia

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

आज के दौर में जिसे देखो, वही दुखी, परेशान, हताश और उदास नजर आता है । तमाम तरह की चिंताओं ने लोगों को घेर रखा है । कोई अपनी सेहत को लेकर परेशान रहता है, तो कोई काम-धंधे की मंदी या वेतन में कटौती से दुखी है । किसी को भविष्य की चिंता सता रही है तो कोई अपने मान-सम्मान के बारे में सोच कर मायूस महसूस कर रहा है । जाहिर है, ऐसे में हर कोई खुशी के पीछे भाग रहा है । कई लोग सोचते हैं कि अमीर उद्योगपति या मोटा वेतन पाने वाले पेशेवर लोग खुश रहते हैं और ग़रीबी या आर्थिक विपन्नता ही खुशी से वंचित रहने की एकमात्र वजह है । लेकिन अगर धन से खुशी आती तो दुनिया में कई धनी लोग कुंठा और हताशा में जीवन नहीं जीते । खुशी पैसा नहीं, संतुष्टि का भाव है । यह पैसे से नहीं, हमारे प्रयासों से आती है और सबसे बड़ी बात है कि खुशी के पीछे भागने से खुशी नहीं मिलती । खुशी हमारे बिल्कुल आसपास होती है, जिसे हमें पहचानना और ग्रहण करना होता है ।

ज्यादातर लोग खुशी हमेशा बाहर खोजते हैं, जबकि यह उसी परिवार में उपलब्ध होती है, जिसका हम अहम हिस्सा होते हैं । मुश्किल यह है कि आजकल परिवार की परिभाषा सिकुड़ गई है । हम सिर्फ पति-पत्नी और अपने बच्चों को ही परिवार मानने लगे हैं जबकि भाई-बहन, देवर-देवरानी, जेठ-जेठानी, सास-ससुर, चाचा-मामा आदि सभी इस परिवार के सदस्य होते हैं । जब हम अपने परिवार के सदस्यों की खुशी में सच्चे मन से सम्मिलित होने लगते हैं और उनकी खुशी के लिए सक्रिय रहते हैं, तो खुशी स्वयं हमारे पास आती है । जब हम इस मानसिकता से व्यवहार करते हैं, तो परिवार के दूसरे सदस्य भी हमारे लिए ऐसा ही करते हैं । फिर खुशी न मिलने का कोई कारण नहीं हो सकता । इसलिए हम भले ही एक चारदीवारी में न रह कर अलग रहते हों, अलग खाना बनाते हैं, लेकिन मन से हम अपने संपूर्ण परिवार से जुड़े रह सकते हैं ।

(i) आजकल लोगों की चिंता के कारण हैं :

(A) अस्वस्थ होना, वेतन कटौती, व्यावसायिक मंदी

(B) आर्थिक मंदी, अस्वस्थ होना, हताशा

(C) उदासी, वेतन कटौती, व्यावसायिक मंदी

(D) निराशा, आर्थिक मंदी, अस्वस्थ होना


collegedunia

(ii) खुश रहने के लिए आवश्यक है :

(A) आर्थिक संपन्नता

(B) प्रतिष्ठित होना

(C) उद्योगपति होना

(D) संतोषी होना

(iii) प्रत्येक व्यक्ति खुशी के पीछे क्यों भाग रहा है ?

(A) आर्थिक विपन्नता के कारण

(B) विभिन्न चिंताओं से घिरे होने के कारण

(C) 'खुशी' से स्वस्थ रह पाएँगे, ऐसी सोच के कारण

(D) 'खुशी' से पैसा आएगा, ऐसी सोच के कारण

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* हमें अपने परिवार की खुशियों में सच्चे मन से और सक्रियता से उपस्थित रहना चाहिए ।

*कारण :* यही प्रसन्न रहने का एकमात्र साधन है ।

**विकल्प :**

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं ।

(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाते हैं ?

I. संपूर्ण परिवार से जुड़कर खुशी पाई जा सकती है ।

II. दादा-दादी, चाचा-चाची, बुआ आदि को मिलाकर परिवार मानना चाहिए ।

III. दुनिया में सभी धनी कुंठाग्रस्त और हताश नहीं हैं ।

IV. तथाकथित खुशी को धन से नहीं खरीदा जा सकता ।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) II और III

(C) केवल IV

(D) I, II, IV


collegedunia

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) "इस फ़िल्म को खरीदनेवाला कोई नहीं था ।" — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ii) "दर्शक 'चार दिशाएँ' तो समझ सकते हैं – दस दिशाएँ नहीं ।" — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iii) "ग्वालियर में हमारा बड़ा-सा और पुराना एक घर था ।" — में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) दोनों कबूतर अब रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं ।

(B) दोनों कबूतर अब रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं ।

(C) दोनों कबूतर अब रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं ।

(D) दोनों कबूतर अब रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं ।


collegedunia

(v) "उनके आने की खिड़की को भी बंद किया जाने लगा है ।" — में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

**4.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) पेड़ थे, परिंदे थे और दूसरे जानवर भी थे ।

(B) संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है ।

(C) यह नमूना इतना डरावना था कि मुंबई निवासी पूजा-स्थल में प्रार्थना करने लगे ।

(D) सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो ।

(ii) "आलम यह है कि उसे किसी के सुख-दुख की चिंता नहीं है ।" — रचना के आधार पर इसका वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

(iii) "चींटियों ने उनके लिए ईश्वर से दुआ की और सुलेमान अपनी मंज़िल की ओर बढ़ गए ।" — रचना के आधार पर वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) सामान्य वाक्य


collegedunia

(iv) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ, सबके लिए मुहब्बत हूँ ।

(B) वह इन सबकी भाषा भी जानते थे ।

(C) एक दफा सुलेमान अपने लश्कर के साथ एक रास्ते से गुज़र रहे थे ।

(D) कहा गया है कि वह केवल मानव जाति के ही नहीं सभी पशु-पक्षियों के भी हाकिम थे ।

(v) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | चींटियों ने डरकर कहा, आप जल्दी से अपने बिलों में चलो । | (I) | सरल वाक्य |
| 2. | इसका कारण एक ज़ख़्मी कुत्ता था । | (II) | संयुक्त वाक्य |
| 3. | उनका असली नाम लशकर था, लेकिन अरब ने उनको नूह के लक़ब से याद किया है । | (III) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

(C) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(D) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

**5.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(A) नतमस्तक होना – सिर उठाना

(B) दौड़-धूप करना – धूप में दौड़ना

(C) नज़र रखना – ध्यान रखना

(D) पन्ने रंगना – कागज़ों पर रंग बिखेरना


collegedunia

(ii) 'युद्ध के लिए तैयार होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(A) डींग मारना

(B) तिल का ताड़ बनाना

(C) तू-तू मैं-मैं होना

(D) तलवार खींचना

(iii) 'असंभव कार्य कर दिखाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) तारे तोड़ लाना

(B) तूती बोलना

(C) त्योरियाँ चढ़ाना

(D) तिल का ताड़ बनाना

(iv) 'हमारी सेना ने दुश्मन को बुरी तरह हरा दिया ।' वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) नमक-मिर्च लगाना

(B) छक्के छुड़ाना

(C) खून खौलना

(D) खून जलाना

(v) "मेरी बहन साँप-सीढ़ी के खेल में हार रही थी, अत: उसने गोटियाँ मिलाकर पूरा खेल ही __________ दिया ।" वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) घाव हरा होना

(B) गागर में सागर भरना

(C) आँखों में धूल झोंकना

(D) गुड़ गोबर कर देना

(vi) 'प्रतिष्ठा बढ़ाना' अर्थ के लिए मुहावरा होगा :

(A) शेर के दाँत गिनना

(B) सिर पर कफ़न बाँधना

(C) चार चाँद लगाना

(D) हवाई किले बनाना


collegedunia

**6.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'स्वर्णपदक' समस्त-पद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(A) द्विगु समास

(B) तत्पुरुष समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) अव्ययीभाव समास

(ii) 'आजीवन' समस्त-पद का समास-भेद होगा :

(A) तत्पुरुष समास

(B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) अव्ययीभाव समास

(iii) 'भलामानस' समस्त-पद का विग्रह होगा :

(A) भलाई का मानस

(B) भला और मानस

(C) भला है जो मानस

(D) भलाई के लिए मानस

(iv) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए और सही जोड़े को चुनिए :

(A) घोरतपस्या – बहुव्रीहि समास

(B) सिनेमाघर – कर्मधारय समास

(C) पंजाब – द्विगु समास

(D) क्रोधाग्नि – अव्ययीभाव समास


collegedunia

(v) निम्नलिखित में ‘त्रिलोचन’ समस्त-पद का सही युग्म है :

(A) तीन लोचन का समूह – कर्मधारय समास

(B) तीन हैं जो लोचन – तत्पुरुष समास

(C) तीन हैं लोचन जिसके – द्विगु समास

(D) तीन हैं लोचन जिसके – बहुव्रीहि समास

**7.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) कौन-सा/से वाक्य ‘कारतूस’ एकांकी से मेल खाते हैं ?

I. वज़ीर अली की आज़ादी बहुत ख़तरनाक है ।

II. वकील ने वज़ीर अली की बात ध्यानपूर्वक सुनी और सहायता का पूरा आश्वासन दिया ।

III. इसका मतलब कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है ।

IV. लेफ़्टीनेंट के अनुसार वज़ीर अली को पकड़ना बहुत सरल है ।

**विकल्प :**

(A) केवल II

(B) I, III

(C) I, II, IV

(D) III, IV

(ii) ‘तताँरा-वामीरो कथा’ में तताँरा की कौन-सी विशेषताएँ उभरकर आती हैं ?

(A) मिलनसार, संवेदनशील, चालाक

(B) संवेदनशील, साहसी, निर्दयी

(C) नेक, साहसी, मददगार

(D) साहसी, मददगार, निष्ठुर


collegedunia

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनकर लिखिए : *5×1=5*

सालाना इम्तिहान हुआ । भाई साहब फ़ेल हो गए, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया । मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया । जी में आया, भाई साहब को आड़े हाथों लूँ – 'आपकी वह घोर तपस्या कहाँ गई ? मुझे देखिए, मज़े से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ ।' लेकिन वह इतने दुखी और उदास थे कि मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा । हाँ, अब मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्मसम्मान भी बढ़ा । भाई साहब का वह रौब मुझ पर न रहा । आज़ादी से खेलकूद में शरीक होने लगा । दिल मज़बूत था । अगर उन्होंने फिर मेरी फ़जीहत की, तो साफ़ कह दूँगा – 'आपने अपना खून जलाकर कौन-सा तीर मार लिया । मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया ।' ज़बान से यह हेकड़ी जताने का साहस न होने पर भी मेरे रंग-ढंग से साफ़ ज़ाहिर होता था कि भाई साहब का वह आतंक मुझ पर नहीं था । भाई साहब ने इसे भाँप लिया – उनकी सहज बुद्धि बड़ी तीव्र थी और एक दिन जब मैं भोर का सारा समय गुल्ली-डंडे की भेंट करके ठीक भोजन के समय लौटा, तो भाई साहब ने मानो तलवार खींच ली ।

(i) कक्षा में प्रथम आने पर छोटे भाई के व्यवहार में बड़े भाई साहब के प्रति झलकने लगा :

(A) प्रसन्नता

(B) अहंकार

(C) स्वाभिमान

(D) गर्व

(ii) छोटा भाई बड़े भाई साहब को आड़े हाथों लेना चाहता था परंतु ऐसा कर नहीं पाया, क्यों ?

(A) उनकी डाँट-डपट का डर था

(B) उसकी हिम्मत नहीं पड़ी

(C) लोक-लाज का डर था

(D) उनसे हमदर्दी हो आई


collegedunia

(iii) छोटे भाई के अव्वल आने पर भाई साहब के व्यवहार में क्या अंतर आया ?

(A) वे और अधिक ध्यानपूर्वक पढ़ने लगे

(B) उनके रौब में थोड़ी नरमी आ गई

(C) वे भी खेल-कूद में भाग लेने लगे

(D) अपनी पीड़ा भूलकर बेहद प्रसन्न हो गए

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* भाई साहब गुस्सा हो गए और उन्होंने तलवार खींच ली ।

*कारण :* छोटा भाई सुबह से शाम तक गुल्ली-डंडा खेलकर लौटा था ।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं

(B) कथन सही है लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है

(C) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है

(v) कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाते हैं ?

I. वार्षिक परीक्षा में हर बार की तरह छोटा भाई भी अच्छे अंकों से पास हो गया ।

II. भाई साहब दुखी और उदास हो गए थे ।

III. छोटे भाई ने अपने हाव-भाव से दर्शा दिया कि उन दोनों में कोई बराबरी नहीं है ।

IV. अब बड़े भाई साहब ने छोटे भाई को कुछ भी कहना पूरी तरह से छोड़ दिया था ।

**विकल्प :**

(A) I, II

(B) केवल III

(C) II, III

(D) III, IV


collegedunia

**9.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) कबीर के अनुसार मीठी बोली का क्या प्रभाव होता है ?

I. हमारा शरीर शीतल होता है ।

II. बोली में अहं का भाव आता है ।

III. हमारा काम सरलतापूर्वक हो जाता है ।

IV. सुनने वाले को सुखानुभूति होती है ।

**विकल्प :**

(A) I, II

(B) II, III

(C) III, IV

(D) I, IV

(ii) "जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल" — इन पंक्तियों में कवि ने ताल को किस रूप में चित्रित किया है ?

(A) पर्वत की परछाई के रूप में

(B) विशाल जल-स्रोत के रूप में

(C) विशाल दर्पण के रूप में

(D) छत्रछाया में पलने वाले के रूप में

**10.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी ।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए ।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।


collegedunia

(i) कवि ने ऐसा क्यों कहा कि मृत्यु से नहीं डरना चाहिए ?

(A) मृत्यु से यश प्राप्त होता है

(B) जन्म-मरण ईश्वर के हाथ में है

(C) मृत्यु के बाद नया शरीर मिलता है

(D) मृत्यु तो अवश्यंभावी है

(ii) कवि कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहता है ?

(A) बिना किसी पीड़ा के हुई मृत्यु

(B) अपनों के हित प्राप्त होने वाली मृत्यु

(C) महान उद्देश्य के लिए मरने वाले की मृत्यु

(D) स्वार्थ सिद्ध करते समय हुई मृत्यु

(iii) कैसी मृत्यु व्यर्थ है ?

(A) देश हित प्राप्त होने वाली मृत्यु

(B) जिस मृत्यु को याद न किया जाए

(C) दूसरों के लिए संघर्ष करते हुए प्राप्त मृत्यु

(D) मृत्यु के बाद जो हमेशा याद रहे

(iv) पशु प्रवृत्ति क्या है ?

(A) अपने लिए जीना-खाना

(B) दूसरों के लिए जीना-खाना

(C) परोपकार का भाव रखना

(D) दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुँचाना


collegedunia

(v) कौन-सा/से वाक्य पद्यांश से मेल खाता है/खाते हैं ?

I. उदार मनुष्य दूसरों के लिए जीता-मरता है ।

II. पशु प्रवृत्ति को समझ के साथ अपनाना चाहिए ।

III. मनुष्य जीवन की सार्थकता परोपकार में है ।

IV. जीवन में कुछ पाने के लिए स्वार्थी होना पड़ता है ।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) II, IV

(C) I, III

(D) II, III

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) "लेखक का हरिहर काका से घनिष्ठ जुड़ाव है ।" — पाठ में आए इस कथन को तर्क सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक को बचपन में प्रकृति कैसी प्रतीत होती थी ? उस समय लेखक फूलों के साथ कैसा व्यवहार करता था ?

(ग) 'टोपी शुक्ला का दोस्त इफ्फन था लेकिन उसकी घनिष्ठ दोस्ती इफ्फन की दादी से भी थी ।' इस कथन को 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**12.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) श्रीकृष्ण के दर्शनों के लिए मीरा कौन-कौन से कार्य करने को तत्पर है ? इनसे श्रीकृष्ण के प्रति मीरा के किस भाव का पता चलता है ?



collegedunia

(ख) कैफ़ी आज़मी का यह गीत — 'कर चले हम फ़िदा ...' किनके बारे में लिखा गया है ? इस गीत में उनकी किन विशेषताओं का वर्णन किया गया है ?

(ग) 'आत्मत्राण' कविता की कौन-सी दो बातें आपको बहुत प्रेरित करती हैं और क्यों ? अपने शब्दों में लिखिए ।

**13.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) "अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले" पाठ में आए कथन "नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है" — के परिप्रेक्ष्य में कोई दो उदाहरण देकर प्रकृति के असंतुलन को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'गिन्नी का सोना' पाठ में 'वे सोने में ताँबा नहीं बल्कि ताँबे में सोना मिलाकर उसकी क़ीमत बढ़ाते थे ।' — यह कथन किसके लिए कहा गया है और क्यों ? इसका तात्पर्य समझाइए ।

(ग) फ़िल्मकार शैलेंद्र के जीवन की कौन-सी विशेषताएँ आप अपनाना चाहेंगे और क्यों ? 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' के संदर्भ में लिखिए ।

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) मेरा प्रिय खेल – बैडमिंटन

संकेत-बिंदु

- बैडमिंटन ही प्रिय क्यों
- खेल-भावना
- मेरी ताक़त


collegedunia

(ख) बढ़ती नारी-शक्ति

संकेत-बिंदु

- बदलता समय
- नारी के मज़बूत क़दम
- सभी क्षेत्रों में नारी की पहुँच

(ग) पृथ्वी बचेगी तभी यहाँ जीवन होगा

संकेत-बिंदु

- प्रदूषण-रहित पृथ्वी
- धरा बचाओ
- जीवन चमकाओ

**15.** (क) आप साक्षी/अजय हैं । आपके मोहल्ले के कूड़ेदान में गंदगी का ढेर लगा है और कई-कई दिन तक कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है । इस संबंध में नगर-निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक शिकायती पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप निशा/निशीथ हैं । विद्यालय में दौड़ अभ्यास के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु लगभग 100 शब्दों में प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए । *5*

**16.** (क) "अभी धूप चमक रही थी कि अचानक आकाश में काले बादलों का साम्राज्य छा गया और तभी तेज़ ओलों की बौछार ने सड़क पर धमा-चौकड़ी मचा दी ..." इस कथा को लगभग 100 शब्दों में आगे बढ़ाकर लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) नगर-निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए जिसमें खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया गया हो । *5*


collegedunia

**17.** (क) स्कूल बैग बनाने वाली कंपनी विद्यार्थियों के लिए विशेष बैग बाज़ार में लाना चाहती है, उसके लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) लाल बाग में पुष्प-प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है । उसके प्रचार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

**18.** (क) विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव के रूप में आप 'अंतर्विद्यालयीय कहानी प्रतियोगिता' की जानकारी देते हुए छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहन हेतु लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) छुट्टी के बाद स्कूल की बस से घर जाते हुए आपका एक बैग बस में ही छूट गया । बस का रूट नं. और अपने बैग का विवरण देते हुए विद्यालय के सूचना पट्ट पर लगाने के लिए एक सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए । *4*


collegedunia